दिल्ली विकास प्राधिकरण

गोपनीय शाखा

संस्थापना आदेशः- 129 दिनांकः- 28.1.21

उपाध्यक्ष, दि.वि.प्रा. विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं के आधार पर **श्रीमती करुणा शर्मा धर्मपत्नी श्री प्रेम कुमार शर्मा**, सहायक निदेशक (मिनिस्ट्रीयल) [वरि. सं. - 718], जिनकी तैनाती वर्तमान में कोटि आश्वासन कक्ष में हैं, को उप निदेशक (मिनिस्ट्रीयल) के पद पर सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 11 में (जो कि छठे वेतन आयोग में 15600-39100/-रू. के पे बैंड में 6600/- रू. के ग्रेड पे था) पदोन्नत करते है ।

2. यदि उपरोक्त अधिकारी को ए.सी.पी./एम.ए.सी.पी.स्कीम के अंतर्गत 15600-39100/- रू. के वेतनमान में 6600/- रू. के ग्रेड पे सहित (छठा वेतन आयोग) (जो कि सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 11 है) पहले ही वित्तीय अभिवृद्धि प्रदान कर दी गई है, तो उन्हें कोई वित्तीय लाभ की अनुमति नही होगी परन्तु उनका वेतन सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 11 में निर्धारित होगा । यदि पहले वित्तीय लाभ नहीं मिला है तो उनके वेतन का निर्धारण सातवें वेतन आयोग के प्रावधानों के आधार पर होगा। उनके वेतन का निर्धारण एफ.आर.22(1)(क)(1) के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित किया जाएगा तथा वे इस आदेश के जारी होने के 30 दिन के भीतर एफ.आर.22(1)(क)(1) के प्रावधानों के अनुसार अपने वेतन निर्धारण के विकल्प का प्रयोग कर सकती हैं ।

3. उप निदेशक (मिनिस्ट्रीयल) के पद पर **श्रीमती करुणा शर्मा धर्मपत्नी श्री प्रेम कुमार शर्मा**, की पदोन्नति के परिणामस्वरूप सक्षम अधिकारी ने उन्हें **आवास विभाग** में तैनात किया है।

4. उन्हें आगे कार्यभार ग्रहण करने की सूचना की एक प्रति उप निदेशक (कार्मिक)-1 को भेजते हुए अपने संबंधित अधिकारी को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया जाता है ।

(धर्मेन्द्र शर्मा)
उप निदेशक (गोपनीय)

सं.एफ.10(35)2020/सी.सी./ 124 दिनांकः- 28.1.21

प्रतिलिपि प्रेषितः-

1. उपाध्यक्ष के विशेष कार्यकारी अधिकारी, दि.वि.प्रा. ।
2. प्रधान आयुक्त (कार्मिक)/(आवास), दि.वि.प्रा. के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
3. आयुक्त (कार्मिक)/ आवास, दि.वि.प्रा. के निजी सचिव ।
4. मुख्या अभियंता (कोटि आश्वासन कक्ष), दि.वि.प्रा. के निजी सचिव ।
5. अतिरिक्त आयुक्त (योजना) परियोजना, दि.वि.प्रा. के निजी सचिव ।
6. निदेशक (कार्मिक)-1 एवं 2 / सतर्कता 1 - 2 / आवास 1 - 2 प्रणाली, दि.वि.प्रा. ।
7. उप निदेशक (कार्मिक)-1 / सतर्कता(प्रशा.) / आरक्षण कक्ष, दि.वि.प्रा. ।
8. उप निदेशक (प्रणाली), दि.वि.प्रा. की वेबसाइट पर डालने हेतु (About us->Organisation->Personnel->Promotions 2021)
9. सहायक निदेशक (कार्मिक)-1 / पी.आई.एम.एस. / गोपनीय कक्ष - 2, दि.वि.प्रा. ।
10. लेखाधिकारी (संस्था.) राजपत्रित / आवास, दि.वि.प्रा. ।
11. उक्त उल्लिखित अधिकारी ।
12. व्यक्तिगत फाइल / संस्थापना आदेश पुस्तिका / गार्ड फाइल ।

आर. के. सक्सैना

(आर. के. सक्सैना)
सहायक निदेशक (गोपनीय)